## सार-समाचार

### नसीराबाद की बदलती तस्वीर

**नसीराबाद,** (निसं)। छावनी क्षेत्र नसीराबाद में इन दिनों विकास और व्यवस्था की एक नई कहानी लिखी जा रही है। शहर की गंदगी, जलभराव और अव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए अब नसीराबाद नई ऊर्जा, साफ-सफाई और आधुनिक पहचान की ओर अठासर है। इस परिवर्तन की बागडोर संभाली है छावनी परिषद के मुख्य अधिशाषी अधिकारी डॉ. नितिश गुप्ता ने, जिनके नेतृत्व में शहर का स्वरूप तेजी से निखर रहा है। शुक्रवार को छावनी परिषद नसीराबाद की ओर से भैरू चौराहा से लेकर बस स्टैंड तक, व्यापारिक स्कूल के बाहर की सड़क में वर्षों पुराने और जर्जर हो चुके नाले के नवीनीकरण का कार्य शुभारंभ किया गया। यह वही मार्ग है, जहां बारिश के मौसम में पानी भराव और निकासी की गंभीर समस्या लंबे समय से बनी हुई थी। बीते दिनों इस मार्ग पर यातायात अवरुद्ध होने से नागरिकों को काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। आपातकालीन सेवाएं भी प्रभावित होती थीं। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सीईओ डॉ. नितिश गुप्ता ने तत्काल कार्य योजना तैयार की और प्राथमिकता के आधार पर इस कार्य को शुरू करवाया। छावनी परिषद अब केवल मरम्मत या सामान्य सफाई तक सीमित नहीं रही, बल्कि शहर को सुंदर, हरा-भरा और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। भेरू चौराहा, बस स्टैंड, पटेल उद्यान जैसे प्रमुख स्थलों पर विशेष फोकस किया गया है, जिससे नसीराबाद की सूरत ही बदलती नजर आ रही है।

### घर-घर परिंडे, हर घर परिंडे

**अजमेर** । विश्व पर्यावरण दिवस जो 4 जून को सम्पन्न हुआ, इस मौके पर शुक्रवार को विधायक अनीता भदेल ने पत्रकारों को परिंडे वितरित करते हुए बारिश के मौसम में अधिक से अधिक पौधरोपण कराने और मूक पक्षियों के लिए परिंडे बांधने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि पृथ्वी पर तापमान बढ़ने का कारण अत्याधिक पेड़ों की कटाई है। पेड़ों के द्वारा पर्यावरण को संतुलित रखा जा सकता है। पेड़ जहां पशु-पक्षियों को संरक्षण एवं आश्रय प्रदान करते हैं, वहीं पृथ्वी का तापमान भी संतुलित रखते है। भदेल ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन काल में कम से कम एक ट्री गार्ड सहित पेड़ लगाना चाहिए और दो तीन साल तक उसकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ों से जहां क्षेत्र की खूबसूरती निखरती है, वहीं पक्षियों को आश्रय भी मिलता है।तेज गर्मी में पक्षी पानी के लिए इधर उधर भटकते है। पानी नहीं मिलने पर जमीन पर गिरकर अपने प्राण त्याग देते है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि मूक पक्षियों के घर-घर परिंडों को टांग कर धर्मलाभ कमाए।

# चारागाहों पर भू-माफियाओं के कब्जे की सीबीआई जांच की मांग

■ 'जिले में नकली घी, घटिया खाद, जहरीले बीज और चारागाहों पर कब्जे जैसे मुद्दों पर अब चुप्पी नहीं, ठोस कार्यवाही चाहिए - और यदि सरकार कुछ छुपा नहीं रही है, तो इन सभी मामलों में जांच की जाये'

**अजमेर,** (कासं)।'क्या अजमेर को नाथी का बाड़ा समझ लिया गया है?' यह सवाल अजमेर डेयरी अध्यक्ष और लोकसभा 2024 में कांग्रेस के प्रत्याशी रामचन्द्र चौधरी ने भाजपा की डबल इंजन सरकार और जिले के सांसद भागीरथ चौधरी से मांग करते हुए बेहद गंभीर चिंता जताई है, उन्होंने कहा कि जिले में नकली घी, घटिया खाद, जहरीले बीज और चारागाहों पर कब्जे जैसे मुद्दों पर अब चुप्पी नहीं, ठोस कार्यवाही चाहिए – और यदि सरकार कुछ छुपा नहीं रही है, तो इन सभी मामलों में सीबीआई से निष्पक्ष जांच करवाई जाए, जिससे किसानो को राहत मिल सके।

घी में मिलावट, उपभोक्ताओं और पशुपालकों पर दोहरी मार – चौधरी ने बताया कि बाजार में बिक रहा अधिकांश घी न शुद्ध है, न सुरक्षित। वनस्पति तेल, सिंथेटिक एसेंस और हानिकारक केमिकल मिलाकर नकली घी तैयार किया जा रहा है, जो न केवल उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है, बल्कि उन पशुपालकों की मेहनत का भी अपमान है, जो दिन-रात मेहनत कर दूध उपलब्ध कराते हैं। 'घी केवल एक खाद्य उत्पाद नहीं, हमारी संस्कृति और ग्रामीण अस्मिता का प्रतीक है। इसमें मिलावट आत्मा पर चोट है।'

खाद और बीज में धोखाधड़ी, किसान की ज़मीन बन रही बंजर– रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि किसानों को घटिया और नकली खाद व बीज देकर सीधे उनकी उम्मीदों और भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियाँ जैविक खाद के लाइसेंस लेकर नकली उर्वरकों और बीजों का व्यापार कर रही हैं।

गेहूं, बाजरा, ज्वार, मक्का, चावल और कपास जैसे बीज तैयार करते समय उनमें चमक लाने के लिए केमिकल मिलाया जाता है, ताकि भोले-भाले किसान आकर्षित होकर महंगे दामों पर इन्हें खरीद लें, लेकिन नतीजा सिर्फ नुकसान होता है।

'टके सेर भाजी, टके सेर खाजा' – ये कहावत अब सिर्फ बाजार की नहीं, किसानों की बदनसीबी की सच्चाई बन चुकी है।खराब बीजों के कारण फसलों की उत्पादकता घट रही है और मिट्टी की उर्वरता भी समाप्त होती जा रही है। चौधरी ने कहा कि कई इलाकों की ज़मीन अब बंजर हो चली है, और किसान कर्ज में डूबते जा रहे हैं।

चारागाहों पर माफियाओं का कब्जा– उन्होंने बताया कि जिले की कई चारागाहों की जमीनों को छलनी कर दिया गया है। भू-माफिया तारबंदी और निर्माण कर पशुपालकों को उनके पारंपरिक चारे के अधिकार से वंचित कर रहे हैं।

पशुपालक आज बिना दवा, बिना चारा और बिना बीज के रह गए हैं, लेकिन सरकार मुँह फेर कर खड़ी है। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, और कृषि क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित हो गया है।

रामचन्द्र चौधरी ने तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार ने विकास की जगह भ्रष्टाचार और लापरवाही की गति को तेज किया है। 'एक इंजन दिल्ली में ठहर गया है और दूसरा जयपुर में उलझ गया है, जनता बीच में पिस रही है।' उन्होंने अजमेर के सांसद महोदय से आग्रह किया कि भोजन, भजन और भ्रमण से बाहर निकलकर अब क्षेत्र के किसानों, पशुपालकों और आमजन की जमीनी सच्चाइयों पर ध्यान दें। यदि वे ईमानदारी से प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, तो उन्हें खुद आगे आकर इन सभी मुद्दों की सीबीआई जांच की सिफारिश करनी चाहिए, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

## गंगा जमुना की तहजीब से मनाया त्योहार

**मेड़ता सिटी** । हर वर्ष की भांति निर्जला ग्यारस व ईदुल अजहा (बकरा ईद) एक ही दिन मनाई जाती है। भारत देश अलग-अलग धर्मों को मानने वाला देश है और विशेषकर सनातन धर्म और मुस्लिम धर्म के मानने वाले आपस गंगा-जमुनी तहजीब को आज तक कायम रखी है और यह त्यौहार कल 7 जून को है। गांधी दर्शन के जिला अध्यक्ष जगदीश नारायण शर्मा के कार्यालय में आज गांधी दर्शन के सदस्य शामिल हुए और सभी ने मिलकर दोनों धर्मों के मानने वालों से यह मार्मिक अपील की कि देश में कुछ साम्प्रदायिक ताकतें माहौल को बिगाड़ने पर उतारू है, ऐसे असामाजिक तत्वों से सभी लोगों को सावधान रहना चाहिए और सरकार की गाईड लाईन के अनुसार त्यौहार को मनाना चाहिए, ऐसा कोई कृत्य नहीं किया जाना चाहिए, जिससे किसी विशेष धर्म के मानने वाले की भावना को ठेस पहुंचे। साथ ही इस बात के लिए भी आगाह किया कि कोई भी असामाजिक तत्व माहौल को बिगाड़ने का प्रयास करें तो उसे रोकने का प्रयास करें और ना रूके तो तुरन्त प्रशासन को सूचना दे।

इस मौके पर गांधी दर्शन के सदस्य जुबैर उस्मानी, डेगाना उपखण्ड के संयोजक अनिल सारस्वत, राजीव गांधी पूर्व युवा मित्र एडवोकेट परवेज खान, पांचाराम, एडवोकेट मो. शब्बीर रेण, सौरभ शर्मा एडवोकेट आदि गांधी दर्शन के जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा के कार्यालय में उपस्थित होकर अपील को जारी किया।


**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2025-26/123-128 दिनांक 31.05.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रात: 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रात: 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| फल अनुसंधान केन्द्र, जलदाय विभाग के पीछे, बांसवाड़ा तथा कृषि अनुसंधान केन्द्र बोरवट फार्म, बांसवाड़ा पर संचालित कपास, मक्का, PVT परियोजना में कृषि कार्य। | 723575/- | 14500/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**कृषि अनुसंधान केन्द्र**
(महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर)
दाहोद रोड, बोरवट फार्म, बाँसवाड़ा (राज.) 327001
Mo. No. 8112207969 / 9414389929 Mail ID: zdr_arsb@yahoo.com, Visit us : www.mpuat.ac.in
क्रमांक : एफ( )/कृअके/2024-25/129-134 दिनांक 03.06.2025

**निविदा सूचना (2025-26)**

कृषि अनुसंधान केन्द्र, बांसवाड़ा के लिये कृषि कार्य हेतु पंजीकृत संवेदक/ ठेकेदार से अपेक्षित अनुभव क्षमताओं के साथ मासिक कार्य / कार्यानुसार हेतु खुली निविदाएं बंद लिफाफों में आमन्त्रित की जाती है। पंजीकृत संवेदक/ठेकेदारों को तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग-अलग सील बन्द लिफाफों में देनी होगी। निविदा प्रारूप, सम्पूर्ण नियम एवं शर्ते विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.mpuat.ac.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। निविदा प्रारूप प्राप्ति की अन्तिम तिथि 12.06.2025 प्रात: 11.00 बजे तक रहेगी। उक्त निविदायें उसी दिन प्रात: 11.30 बजे तक जमा की जाकर मध्यान्ह् 12.00 बजे कमेटी की उपस्थिति में खोली जावेगी। निविदा प्रारूप जमा करवाते समय कार्य के सामने वर्णित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवानी होगी।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.) | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) |
|---|---|---|---|
| कृषि अनुसंधान केन्द्र, बोरवट फार्म बांसवाड़ा पर संचालित बी.टी. कपास परियोजनाओं में कृषि कार्य। | 7,00,000/- | 14,000/- | 500/- |

संभागीय निदेशक अनुसंधान



**उत्तर पश्चिम रेलवे**
ई-निविदा सूचना
संख्या: डब्ल्यू ए एसजी/2025-26 दिनांक: 05.06.2025 मंडल रेल प्रबन्धक (सिगनल व दूरसंचार) उत्तर पश्चिम रेल्वे अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या** : मं.रे.प्र. (सिग व दूरसंचार) – 08 – 2025-26 **कार्य का नाम** : अजमेर मंडल :– सी / डब्ल्यू में एसएंडटी से संबंधित कार्य का प्रावधान, सुविधाओं के साथ नई टीएमसी साइडिंग का प्रावधान – अजमेर मंडल एनडब्ल्यूआर में 18 संख्या। **अनुमानित लागत** : रूपये 92427063.67 **बयाना राशि** : रूपये 612100.00 **ई निविदाये खोलने की तिथि व समय** दिनांक 01.07.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट का पता WWW.IREPS.GOV.IN 654-CR/25
/NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें


## डीसी कार्यालय में वृक्षारोपण

**अजमेर,** (कासं)। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संभागीय आयुक्त कार्यालय में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा के द्वारा एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया गया। सर्वधर्म मैत्री संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने कहा कि एक पेड मां के नाम अभियान पूरे वर्ष चलेगा, इसी श्रृंखला में संभागीय आयुक्त कार्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया, यहां पर अतिरिक्त संभागीय आयुक्त दीप्ति शर्मा ने पेड़ लगाते हुए कहा कि हमें हमारी धरती को स्वर्ग बनाने के लिए एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए, पेड लगाना ही नहीं बल्कि उसकी पूरी देख-रेख भी करना आवश्यक है। इस अवसर पर ब्रह्मा कुमारी शास्त्री नगर केंद्र की संचारीका आशा बहन ने अपने विचार रखते हुए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की जानकारी दी।

# केंद्रीय विश्वविद्यालय में पौधारोपण

■ स्वच्छता जैसी कई प्रेरक गतिविधियां भी कराई

**अजमेर,** (कासं)। विश्व पर्यावरण दिवस पर राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में कई प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमे वृक्षारोपण, कार्यशाला और स्वच्छता अभियान जैसी कई प्रेरक गतिविधियां शामिल थी। यह आयोजन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ अर्थ साइंस के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने कहा कि – विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम न केवल प्रकृति के प्रति हमारी ज़िम्मेदारी का प्रतीक है, बल्कि इस वर्ष की थीम 'एक पेड़ माँ के नाम' के माध्यम से यह एक भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव भी स्थापित करता है। माँ जीवन की जननी होती हैं, और एक पेड़ भी उसी तरह जीवन, छाया, साँस और सहारा देता है। आज लगाए गए प्रत्येक पौधे के साथ हम न केवल पर्यावरण की रक्षा का संकल्प ले रहे हैं, बल्कि मातृभूमि और मातृत्व के प्रति अपनी श्रद्धा भी व्यक्त कर रहे हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित और स्वस्थ भविष्य की नींव रखेगी।

प्रो भालेराव ने कहा कि इस अभियान को हम सभी को व्यक्तिगत मिशन के रूप में अपनाना चाहिए और और अधिक से अधिक मात्रा में पौधरोपण करना चाहिए, यही हमारी धरती माँ के प्रति सच्ची सेवा होगी।

विश्व पर्यावरण दिवस पर सफाई के लिए ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर सफाई कर्मचारियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में सूखे कचरे को अलग-अलग करना, पुनर्चक्रण करना और गीले कचरे को खाद जैसे उपयोगी उत्पादों में बदलने के लिए सर्वोत्तम तरीकों को लागू करने जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत इस अवसर पर विश्वविद्यालय के हर्बल गार्डन में विद्यार्थियों, शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कर्मचारियों द्वारा पीपल, बड़, नीम आदि के कई सारे पेड़ लगाए और ये प्रण लिया गया कि वे इन पौधों की देखभाल एक परिवारिक सदस्य की भांति करेंगे, ताकि ये वृक्ष आने वाले वर्षों में न केवल पर्यावरण को संजीवनी प्रदान करें, बल्कि मातृत्व की ममता और संरक्षण की भावना का प्रतीक बनें।


**प्रायोगिक बहुउद्देशीय विद्यालय,**
क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, रा.शै.अ.प्र.प., अजमेर
NCERT
**प्रवेश सूचना**
**सत्र 2025-2026**

कक्षा XI (विज्ञान, वाणिज्य एवं मानविकी संकाय) एवं कक्षा VI में रिक्त सीटों के अनुसार सत्र 2025-2026 में प्रवेश हेतु पंजीकरण दिनांक 06.06.2025 से प्रारम्भ हो रहे हैं। पंजीकरण प्रपत्र डाउनलोड करने एवं अन्य जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट : www.rieajmer.raj.nic.in दिनांक 06.06.2025 से देखे। विद्यालय में सहशिक्षा है तथा यह केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध है।
दूरभाष : 0145-2643900
CBC 21209/12/0002/2526 प्रधानाध्यापक



**LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/132241**
**DATE :- 26.05.2025** रजि. बेचान-नामा
**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/3210 दिनांक 06-06-25
सार्वजनिक सूचना
श्रीमती अमिषा पत्नी श्री धर्मेन्द्र खत्री निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5 उदय अपार्टमेन्ड महावीर कॉलोनी प्लाट नं. 1 का फ्लैट संख्या 7 क्षेत्रफल 95.69 वर्गगज है, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भजन लाल शर्मा के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 06.05.2025, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर



**LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/132581**
**DATE :- 27.05.2025** रजि. बेचान-नामा
**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/3209 दिनांक 06-06-25
सार्वजनिक सूचना
सुश्री रूखी विधानी पुत्री विजन दास निवासी अजमेर ने क्षेत्र नं. 5 कॉलेज मार्ग रिषभ ट्रेड सेन्टर मार्केट म्यु. नं. 8/540 प्रा नं. डी व सी का दुकान नं. 20 क्षेत्रफल 23.33 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्रीमती विनिता ओस्तवाल पत्नी श्री विजयराज व श्रीमती स्वाति ओस्तवाल पत्नी श्री संजय ओस्तवाल के नाम पट्टा विलेख जारी है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 21.03.2024, 17.04.2025 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर


## मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिले के गुर्जर समाज द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। समाज ने पूर्व में सरकार से हुए समझौते की पालना नहीं होने पर नाराजगी जताई और 11 सूत्रीय मांगें को शीघ्र पूरी करने की मांग की।

ज्ञापन में वर्ग को 5 आरक्षण नवमी अनुसूची में शामिल करना, रीट भर्ती 2018 व 2021 के लंबित पदों पर नियुक्तियां देना, आंदोलन से जुड़े मुकदमों का निस्तारण और शहीदों के परिजनों को नौकरी देना शामिल है। इसके अलावा पशु चिकित्सा, नर्सिंग, न्यायिक और अन्य भर्तियों में आरक्षण लागू करने की भी मांग की गई।

# ईद-उल-अजहा आज

**अजमेर,** (कासं)। ईद-उल-अजहा पर्व शनिवार को परपरानुसार केसरगंज ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा के साथ मनाया जाएगा। साथ ख्वाजा साहब की दरगाह में सुबह 4 बजे ईद के मौके पर जन्नती दरवाजा आम जायरीन के खोला जाएगा। मुस्लिम घरों में बकरों की कुर्बानी दी जाएगी। ईद को लेकर समाज में उत्साह बना हुआ है।

**बोहरा समाज ने मनाई ईद:** बोहरा समाज ने शुक्रवार को ईद-उल-अजहा का पर्व परंपरा के अनुसार मनाया। ताहिरी मस्जिद में सुबह 7 बजे ईद की नमाज अदा की गई। युवाओं, बच्चों, बुजुर्गों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। घरों में विभिन्न पकवान बनाए गए। बड़ों ने बच्चों को ईदी के रूप में तोहफे दिए।

**ब्लॉक व मंडल कांग्रेसी कमेटियों का ईद मुबारक कार्यक्रम:** कांग्रेस कमेटी अजमेर उत्तर ब्लॉक ए व उत्तर ब्लॉक बी, अजमेर दक्षिण ब्लॉक ए व दक्षिण ब्लॉक बी सहित समस्त मंडल कांग्रेस इकाइयां अजमेर उत्तर व अजमेर दक्षिण की तरफ से शनिवार को प्रात: 8 बजे केसरगंज स्थित ईदगाह के बाहर मुस्लिम समाज के लोगों को ईद मुबारक दी जाएगी। ब्लॉक अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व वाहिद मोहम्मद तथा अजमेर दक्षिण के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मी धोलखेडिया व चंदन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में ब्लॉक व मंडल के पदाधिकारियों के साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता भी शामिल होंगे

## नशा नाश की जड़ आज नहीं तो कल

**अजमेर** । नसीराबाद रोड स्थित जांगिड़ समारोह स्थल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा वाचक स्वामी ओम चैतन्य जी ने भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं का बहुत मनमोहक वर्णन किया। पूतना वध, माखन चोरी की झांकी, बाल गोपाल खेलकूद के वर्णन के साथ ही ब्रज की भूमि की पवित्रता का वर्णन किया। कथा में सामाजिक सरोकार के साथ साथ बच्चों को संस्कारवान और चरित्रवान बनाने, नदियों की पवित्रता को बनाए रखना चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी की सबसे बड़ी समस्या मोबाइल की है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
सुभाष नगर शाखा, विनोद एजेंसी, प्रदीप पेट्रोल पम्प के सामने अजमेर रोड़, सुभाष नगर, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान 311001
फोन: 01482-230557, ई-मेल: subbhi@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
"परिशिष्ट-IV-क" [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।
आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जैसी है जहां है", "जो है जैसी है" और "जितनी भी उपलब्ध है"** के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्र./लॉट नं | ऋणियों/जमानतदारों/बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति (सांकेतिक/वास्तविक) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री यश राज खटीक पुत्र श्री भैरू लाल खटीक एवं सह-ऋणी श्रीमती सुमित्रा खटीक पत्नी श्री यश राज खटीक हीरा फैक्ट्री के पास, सुभाष नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 | श्री यश राज खटीक पुत्र श्री भैरू लाल खटीक के नाम आवासीय प्लॉट नं. ई-238, आराजी नं. 358, सुभाष नगर, राजस्व गाँव मलान, भीलवाड़ा, राजस्थान 311001 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 514.98 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्व: प्लॉट नं. ई-239, पश्चिम: प्लॉट नं. ई-237, उत्तर: प्लॉट नं. ई-202, दक्षिण: रोड़ 17 फीट चौड़ी अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 20,78,612.50 दिनांक 18.06.2024 को बकाया ( दिनांक 16.06.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 10.07.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 22,50,000/- / धरोहर राशि- रूपये 2,25,000/- / बोली वृद्धि राशि- रूपये 20,000/- | वास्तविक | 05.07.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01482-230557, मोबाईल नं. 8094007188 पर संपर्क कर सकते है।
हस्ता.
दिनांक: 05.06.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: भीलवाड़ा बैंक ऑफ बड़ौदा



**LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/132185**
**DATE :- 26.05.2025** रजि. बेचान-नामा
**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**
क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/3208 दिनांक 06-06-25
सार्वजनिक सूचना
श्री कमल राज सोनी पुत्र श्री नन्दलाल सोनी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं.3 कासटिया गली मकान नं. 2/776 नया नम्बर 8 का भाग बी व ए-1 क्षेत्रफल 191.09 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री हस्तीमल पुत्र श्री मुकुन्द चन्द जी के नाम दर्ज है। तत्पश्चात रजि बेचान-नामा दिनांक 19.04.2025, 30.05.2023, व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग(गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपति विचारणीय नहीं होगी।
आयुक्त नगर परिषद ब्यावर


## जल सेवा की

**सरवाड़,** (निसं)। उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत शुक्रवार को उपखंड में किए गए कार्यक्रमों का निरीक्षण किया गया वहीं जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बस स्टैंड सरवाड़ एवं सांपला गेट पर जल सेवा करते हुए प्याऊ का आयोजन किया गया । इस मौके पर विद्युत विभाग द्वारा पुरानी तहसील के पीछे बने ट्रांसफार्मर की साफ़ सफाई की गई और औचक निरीक्षण किया गया।

# जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा की

**अरांई,** (निसं) । छोटा लाम्बा के पद्मप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में वेदी प्रतिष्ठा की 14वीं वर्षगांठ स्थापना पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। अंकित जैन ने बताया कि मूलनायक भगवन पद्मप्रभू के अभिषेक, पंचामृत अभिषेक, चंदन लेपन, पद्मप्रभू विधान एवं वृहत शांतिधारा की गई। इसमे सौधर्म इंद्र गीगराज ओमप्रकाश ज्ञानचंद गोधा, ईशान इंद्र अजीत, प्रदीप गंगवाल, सनत कुमार इंद्र महेंद्र कुमार, सुरेंद्र गोधा, महेन्द्र, इंद्र दिनेश कुमार रमेश कुमार गंगवाल, कुबेर इंद्र गजेंद्र गोधा, यज्ञनायक मोती लाल नरेश गंगवाल सहित 15 इंद्र ने विशेष विधान किया। इसके बाद दिगम्बर जैन संगीत मंडल अजमेर के सानिध्य में भक्तमार पाठ किया गया। श्रीजी की विशेष आरती के बाद वात्सल्य भोज का आयोजन हुआ। इन धार्मिक कार्यक्रमों में छोटालाम्बा सहित आसपास के गांवों से समाजबंधुओं ने भाग लेकर पुण्यलाभ अर्जित किया। इस दौरान गोपी लाल जैन , महेंद्र जैन, नरेश गंगवाल, ओमप्रकाश जैन, प्रदीप गंगवाल, राकेश काला, ललित जैन, पारस जैन, धीरज जैन, नानू जैन, सुरेंद्र अजमेरा, सुनील बाकलीवाल, गजेंद्र जैन, पंकज जैन, महावीर बड़जात्या, सुमित जैन, ज्ञानचंद जैन, भूविक अजमेरा, रतनी जैन, मैना जैन, मोना जैन, किरण जैन, मैना जैन, रिंकी गंगवाल सहित कई धर्मप्रेमी मौजूद रहे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अरांई पंचायत समिति अरांई, अजमेर**
क्रमांक-ग्रा.पं.द. अरांई/2025-26/75 ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 दिनांक :-04.06.2025

ग्राम पंचायत अरांई के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्वेरी, रबिश, ईट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत/बजरी, क्रेशर, ब्रोकन, गिट्टी, सीमेंट, चूना, पट्टियां, वाईडिंग वायर, चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एवं खिड़कियां, एनेमल पेंट आदि सामग्री, पानी टेंकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेंट ककरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेंट कांकरिट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं हेतु वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in/http://wwwr.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|---|
| 1. | अरांई | ZAJ2526A0641 | ZAJ2526GLOB00696 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अरांई, पं.स. अंराई (अजमेर) — प्रशासक, ग्राम पंचायत अरांई, पं.स.अंराई (अजमेर)



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राज.**
क्रमांक : न.प.कि./कृषि भूमि नियमन/2025/636 लोक सूचना दिनांक : 06/06/2025
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम किशनगढ़-बी के खसरा 1597/1315 का रकबा 1.9882 हैक्टयर का आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहनें हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्ड नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति हो तो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में इस कार्यालय को लिखित में आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

| क्र.सं. | प्रार्थी का नाम | राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं. व क्षेत्रफल | प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती इन्द्रा शर्मा पत्नि श्री राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, कमल गंगाप्रसाद शर्मा पुत्र श्री गंगाप्रसाद शर्मा, श्रीमती मधुकान्ता शर्मा पत्नि श्री ओमप्रकाश, श्री विमल किशोर शर्मा पुत्र श्री गंगाप्रसाद शर्मा निवासी गुसाईजी की घाटी पुराना शहर किशनगढ़ | किशनगढ़-बी 1597/1315 1.9882 हैक्टयर | आवासीय प्रयोजनार्थ पट्टा चाहने हेतु |

आयुक्त नगर परिषद किशनगढ़


# पौधारोपण और शपथ ली

■ वाल्मिकी पार्क में संगोष्ठी का आयोजन किया

**ब्यावर** (निसं) पतंजलि योग समिति और तालुका विधिक सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सुभाष उद्यान के वाल्मिकी पार्क में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में नगर परिषद की पूर्व सभापति शशि बाला सोलंकी ,भारतेन्दु श्रीमाली नगर प्रमुख ,आनंद कुमावत, सुरेन्द्र खंडेलवाल एवं चंद्र सिंह अखावत ने अपने उद्बोधन में पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताते हुए आगाह किया कि अंधाधुंध पेड़ों की कटाई अवैज्ञानिक तरीकों से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन व प्लास्टिक के अत्यधिक प्रयोग से जलवायु परिवर्तन का संकट भूमि के बंजर होने व जलीय प्रदूषण बढ़ने से आने वाले समय में संपूर्ण विश्व को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। वक्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर पहल करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक, बोतल बंद पानी व प्लास्टिक पैकेजिंग का उपयोग बंद करने का आ ान किया। तालुका विधिक सेवा समिति की और से संजय सिंह गहलोत ने कोरोना काल खंड में आई ऑक्सीजन की कमी को याद दिलाते हुए पर्यावरण के प्रति हर व्यक्ति को सजग रह कर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आ ान किया। वर्तमान समय में पेड़,पौधो,नदी,नालो,झरनो, हुए धरती के शृंगार को और अधिक सुंदर बनाने का आ ान करते हुए ऐ गीत हरी ,हरी वसुंधरा पे नीला नीला ये गगन....... गीत प्रस्तुत किया जिसमे सभी ने सामूहिक रूप से अपने स्वर मिलाये। इस अवसर अमर चंद मूंदड़ा ने सभी उपस्थित महिला पुरुषो और बच्चों को पर्यावरण बचाने हेतु शपथ दिलवाई। कार्यक्रम के समापन पर किशन लाल जांगिड़,अभिमन्यु गहलोत, कैलाश चंद शर्मा, सत्य नारायण अठावाल, प्रहलाद सोनी, बृजमोहन सोनी, कृष्ण कांत गोयल, विजय अठावाल, पुरूषोत्तम बंसल, प्रवीण कुमार, प्रभु सिंह, केदार अठावाल, रमेश पालडिया,रणजीत सिंह, डॉ प्रमोद पोरवाल, करण सोनी, यशवंत सोनी,अमृत लाल गहलोत, शेखर सोलंकी, महिला योगिनी कांता सोनी, अयोध्या जोशी, प्रिया शर्मा, सोनू अठावाल, कोमल टॉक व अन्य उपस्थित जनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया और पर्यावरण संरक्षण में सकारात्मक कार्य करने की प्रतिबद्धता का संकल्प लिया गया।


**न्यायालय तहसीलदार (भू.अ.) दूदू जिला जयपुर**
क्रमांक : भू.अ./2025/1544 **आम सूचना** दिनांक : 06/06/2025
जरिये प्रार्थना पत्र प्रार्थी कैलाश चन्द पुत्र रंगलाल जाति पुरोहित निवासी धांधोली तहसील दूदू द्वारा मृतक खातेदार मदन लाल पुत्र धन्नालाल जाति पुरोहित सा० देह खातेदार के नाम दर्ज खाता स० 356 कुल किता 02 रकबा 0.48 हैक्ट में हिस्सा 1/6 व खाता संख्या 305 में किता 05 रकबा 1.22 हैक्ट हिस्सा सम्पूर्ण वाके ग्राम धांधोली की विरासत का नामान्तरण मृतक खातेदार के बजाय पंजीबद्ध वसीयत दिनांक 13.06.2014 के आधार पर वसीयत ग्रहिता के पक्ष में खोलने की कार्यवाही कार्यालय हाजा में प्रकरण संख्या 04/2024 अन्तर्गत धारा 135(2) राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम- 1956 विचाराधीन है।
खातेदार मदन लाल पुत्र धन्नालाल जाति पुरोहित सा० देह खातेदार तह० दूदू की दिनांक 02.08.2015 को ही मृत्यु हो चुकी है। मुताबिक वसीयत, विधिक वारिसान व वसीयत के गवाहान द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्रों के आधार पर मृतक खातेदार के बजाय कैलाश चन्द पुत्र रंगलाल जाति पुरोहित निवासी धांधोली तहसील दूदू पक्ष में विरासत का नामान्तरण खोले जाने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/दावा/हक अथवा अन्य कोई वसीयत हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में स्वयं अथवा प्लीडर के माध्यम से अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर प्रकरण का निस्तारण नियमानुसार कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
तहसीलदार(भू.अ.) दूदू जयपुर



**कार्यालय ग्राम पंचायत भामोलाव पंचायत समिति अरांई, अजमेर**
क्रमांक-ग्रा.पं.भामोलाव/2025-26/27 ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26 दिनांक :-04.06.2025

ग्राम पंचायत भामोलाव के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित कार्यों के लिए निर्माण सामग्री (यथा ग्रेवल, क्वेरी, रबिश, ईट प्रथम श्रेणी, पत्थर, रेत/बजरी, क्रेशर, ब्रोकन, गिट्टी, सीमेंट, चूना, पट्टियां, वाईडिंग वायर, चिनाई खरंचा पत्थर, लोहे के दरवाजे एवं खिड़कियां, एनेमल पेंट आदि सामग्री, पानी टेंकर सप्लाई एवं किराये पर सीमेंट ककरीट मिक्सर, रोड रोलर, सीमेंट कांकरिट इन्टरलॉकिंग ब्लॉक आदि) की वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उपरोक्त निविदाएं हेतु वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in/http://wwwr.eproc.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | NIB NO | UBN NO |
|---|---|---|---|
| 1. | भामोलाव | ZAJ2526A0642 | ZAJ2526GLOB00697 |

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत भामोलाव, पं.स. अंराई (अजमेर) — प्रशासक, ग्राम पंचायत भामोलाव, पं.स.अंराई (अजमेर)